गठबंधन के सहयोगी दल ही बिगाड़ेंगे समीकरण

नागपुर, निज संवाददाता. लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में कोई उम्मीदवारी नहीं मिलने के बावजूद महाविकास आघाड़ी और महायुति में शामिल मुख्य

धोखा का बदला लेने बड़ी संख्या में उतारे उम्मीदवार

पार्टियों कांग्रेस व भाजपा का साथ देने वाली पार्टियों के कार्यकर्ता मनपा चुनाव में मिले धोखा का बदला लेने बड़ी संख्या में अपने-अपने उम्मीदवार उतार दिये हैं. महायुति में शामिल शिंदे सेना और राकां अजीत पवार पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ताओं में इस बार उत्साह देखा जा रहा था. उन्हें यह लगा था कि महायुति में उन्हें सम्मानजनक सीटें मिलीं तो मनपा में उनके प्रतिनिधि भी देखने को मिलेंगे. ऐसा ही हाल कांग्रेस के साथ मविआ में शामिल राकां शरद पवार पार्टी व उद्धव शिवसेना के कार्यकर्ताओं का भी था. इस पार्टियों के

स्थानीय नेताओं का मानना था मुख्य चुनावों में उनके द्वारा दिये गए साथ व मेहनत का फल 'कार्यकर्ताओं' के चुनाव में जरूर मिलेगा. लेकिन भाजपा व कांग्रेस दोनों ने अपने-अपने सहयोगियों को पूरी तरह से झटक दिया. इन पार्टी नेताओं ने अब कहना शुरू कर दिया है कि धोखा का बदला तो लिया जाएगा. भले ही नहीं जीत पाएं लेकिन धोखेबाजों को आसानी से जीतने भी नहीं देंगे.

किसका नफा, किसका नुकसान

महायुति की बात करें तो बीजेपी ने शिंदे सेना को 8 सीटें ही दीं लेकिन उसमें भी 6 सीटों में अपने लोगों को ही मौका दिया. 2 सीटों में सेना के मूल उम्मीदवार हैं. धोखा होते देख गुस्साये करीब 30 से अधिक इच्छुकों ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है. ये अपना नाम वापस लेने के मूड में ही नहीं हैं. अगर मैदान में रहे तो स्वाभाविक है हिन्दूत्व वोट पर कुछ तो सेंध जरूर लगाएंगे. भाजपा पर शहर से शिवसेना को पूरी तरह साफ करने की साजिश का आरोप भी लग रहा है. शिंदे सेना के जिला प्रमुख सूरज गोजे पर ऐन वक्त पर मामला दर्ज हुआ जिससे टिकट कट गई. शहर प्रमुख समीर शिंदे, धीरज फंदी, महिला प्रमुख मनीषा पापडकर, अनिता जाधव, पार्टी में आए उपमहापौर रघुनाथ मालीकर चुनाव लड़ने के इच्छुक थे किसी को टिकट नहीं दी गई. किरण पांडव तक की एक नहीं चलने दी गई. वहीं राकां अजीत पवार पार्टी ने तो 151 में से 96 सीटों पर उम्मीदवार उतार दिये हैं. इनमें दूसरी पार्टियों से आए कुछ पूर्व नगरसेवक व सभापतियों का भी समावेश है. निश्चित तौर पर ये उन संबंधित प्रभागों में बीजेपी का गणित बिगाड़ेंगे. प्रभाग 32 में भाजपायी हुए पूर्व नगरसेवक राजकुमार नागुलवार ने बीजेपी से टिकट नहीं मिलने पर घड़ी चुनाव चिन्ह से नामांकन भर दिया. कांग्रेस से आए तानाजी वनवे प्रभाग 27 से मैदान में हैं. दिलीप पनकुले, आभा पांडे जैसे अन्य वजनदार उम्मीदवारों के साथ ही 96 युवा व नये चेहरे भी भाजपा को टक्कर देंगे.

कांग्रेस के लिए कड़ी चुनौती

कांग्रेस को अपने चिरप्रतिद्वंद्वी बीजेपी को टक्कर तो देनी ही है साथ ही सहयोगी दलों के उम्मीदवारों से भी चुनौती मिलेगी. राकां शरद पवार पार्टी ने अपने 76 उम्मीदवार मैदान में उतार दिये हैं. कांग्रेस व राकां की विचारधारा समान होने के चलते इससे कांग्रेस के वोट बंटने की अधिक संभावना होगी. यह भी कहा जा रहा है कि राकां अजीत पवार पार्टी के वोटर्स भी कांग्रेस के ही वोट काटने का काम करते हैं. भले ही सिटी में राकां की दमदारी नहीं है लेकिन कुछ प्रभागों में उसके पास अच्छे उम्मीदवार है. प्रभाग 13 से इस बार पूर्व विधायक प्रकाश गजभिये चुनाव लड़े रहे हैं. 23 ड से शहर अध्यक्ष दुनेश्वर पेठे फिर मैदान में होंगे. कुछ सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार उतारे गए हैं जो सीधे कांग्रेस की वोटबैंक में सेंध लगा सकते हैं. प्रभाग 21 ड से कांग्रेस ने अपने कार्यकर्ता इरशाद अली की ही टिकट काट दी. उन्हें राकां एसपी ने एबी फार्म आफर किया लेकिन वे निर्दलीय मैदान में रहेंगे. यहां से कांग्रेस के वोट कट सकते हैं. शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट ने 58 सीटों पर उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल किये हैं. जो बीजेपी उम्मीदवारों को नुकसान पहुंचा सकते हैं.

कोंबिंग ऑपरेशन में 149 लोगों की जांच, ड्रिंक एंड ड्राइव में 193 वाहनों की चेकिंग

नागपुर, शहर प्रतिनिधि. थर्टी फर्स्ट और मनपा चुनाव को देखते हुए पुलिस फोर्स अलर्ट पर है. पुलिस कर्मचारी कोंबिंग ऑपरेशन और नाकाबंदी में जुटे हुए हैं. पुलिस उपायुक्त जोन-4 अंतर्गत कोंबिंग ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने कुल 149 लोगों की चेकिंग की. वहीं नाकाबंदी में 193 वाहन चालकों की जांच की गई. इस दौरान 13 चालक शराब के नशे में पाए गए. शराबी चालकों पर कानूनी कार्रवाई की गई. इस के अलावा वारंट जारी कर 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. वहीं सार्वजनिक ठिकानों पर शराब का सेवन कर हुड़दंग मचाने और संदिग्ध अवस्था में घूम रहे कुल 45 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई. प्रतिबंधित नायलॉन मांजा पर भी पुलिस कड़ी नजर रखे हुए है. विशेष कोंबिंग ऑपरेशन के तहत जोन-4 की टीमों ने नायलॉन मांजा तस्करी के मद्देनजर कुल 35 दोपहिया वाहनों की जांच की. इसी के साथ नायलॉन मांजा की बिक्री नहीं करने पर सख्त हिदायत दी. थर्टी फर्स्ट और आगामी मनपा चुनाव के तहत पुलिस का कोंबिंग ऑपरेशन और ड्रिंक एंड ड्राइव की चेकिंग जारी रहेगी. यदि कोई कानून का उल्लंघन करते पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

इस तरह की गई कार्रवाई

1. हुड़केश्वर थाना = हुड़केश्वर पुलिस ने कुल 32 आरोपियों की चेकिंग कर 12 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की. ड्रिंक एंड ड्राइव के तहत 23 वाहन चेक किए गए.

2. नंदनवन थाना = नंदनवन पुलिस ने 34 आरोपियों की जांच करते हुए 13 आरोपियों पर कार्रवाई की. नाकाबंदी में 31 वाहनों चालकों की जांच की गई.

3. इमामवाड़ा थाना = इमामवाड़ा पुलिस ने 24 आरोपियों की जांच के दौरान 12 के खिलाफ कार्रवाई की. ड्रिंक एंड ड्राइव में 32 वाहनों की जांच कर 12 के खिलाफ कार्रवाई की.

4. अजनी थाना = अजनी पुलिस की टीम ने 18 आरोपियों को चेक करते हुए 12 के खिलाफ कार्रवाई की. 42 वाहनों की जांच में 1 के खिलाफ ड्रिंक एंड ड्राइव कार्रवाई की गई.

5. सक्करदरा थाना = सक्करदरा पुलिस ने 22 आरोपियों की जांच में 13 पर कार्रवाई की, साथ ही 38 वाहनों की जांच की गई.

6. बेलतरोड़ी थाना = बेलतरोड़ी पुलिस ने 17 आरोपियों को चेक किया और उन पर कार्रवाई की. ड्रिंक एंड ड्राइव में 27 वाहनों की जांच की गई.

प्रतिबंधित मांजा जब्त

नागपुर, नंदनवन थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने एक युवक के पास से 24 बंडल प्रतिबंधित नायलॉन मांजा जब्त किया. इसकी कुल कीमत 54,500 रुपये आंकी गई. पुलिस को सूचना मिली कि नंदनवन झोपड़पट्टी में रहने वाले तुषार विट्ठल काले (24) ने अपने घर में बड़ी मात्रा में नायलॉन मांजा जमा करके रखा है. वह इसे बेचने की तैयारी में है. पुलिस ने मौके पर छापेमारी की तो सूचना सही साबित हुई. पुलिस ने पूरा माल जब्त कर तुषार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी.

4.30 लाख की घरफोड़ी

नागपुर, गिट्टीखदान थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाकर 1.50 लाख रुपये नकद और सोने-चांदी के गहनों समेत 4.30 लाख के माल पर हाथ साफ कर दिया. वैष्णव माता नगर, दाभा निवासी लक्ष्मण मुरलीधर बरघट (46) परिवार के साथ अपनी ससुराल कलमेश्वर गये हुए थे. इसी बीच किसी ने मेन डोर का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और अलमारी से 1.50 लाख रुपये और गहनों समेत 4.30 लाख रुपये का माल चोरी कर लिया. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी.

दुर्घटना में घायल युवक ने तोड़ा दम

नागपुर, बेलतरोड़ी थाना क्षेत्र में 27 दिसंबर को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी बाइक चालक युवक ने 3 दिन बाद इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. मृतक का नाम रामटेके नगर निवासी हेमंत प्रदीप भारद्वाज (18) बताया गया. घटना के दिन रात करीब 9.15 बजे हेमंत अपनी बाइक (एमएच49/एवी-2764) से शताब्दी नगर से मनीष नगर की ओ जा रहा था. नाले के पास मुड़ते समय उसका बाइक से कंट्रोल छूट गया और वह सामने से आ रही कार से टकरा गिर गया. उसे गंभीर चोटें आईं. उसे एम्स में भर्ती कराया गया. करीब 3 दिनों तक चले इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया. पुलिस जांच जारी है.

कोहरा - ट्रेनों की लेटलतीफी जारी

नागपुर, पिछले करीब एक महीने से उत्तर भारत और बंगाल में जारी भारी ठंड और घने कोहरे के कारण ट्रेनों की आवाजाही अब भी प्रभावित है. बुधवार को भी दोनों दिशाओं से नागपुर आने वाली ट्रेनें घंटों देरी से चलीं. इनमें ट्रेन 12612 केरला एक्सप्रेस सर्वाधिक 10 घंटे की देरी से चली. इसके अलावा ट्रेन 12410 गोंडवाना एक्सप्रेस 3.00 घंटे, 12724 तेलंगाना एक्सप्रेस 8.40 घंटे, 16318 हिमसागर एक्सप्रेस 6.30 घंटे, 12616 जीटी एक्सप्रेस 4.10 घंटे, 20806 आंध्र प्रदेश एक्सप्रेस 3.00 घंटे, 12622 तमिलनाडु एक्सप्रेस 3.00 घंटे, 12722 दक्षिण एक्सप्रेस 5.10 घंटे, 12804 विशाखापट्टनम स्वर्ण जयंती 2.00 घंटे, 12270 चेन्नई दुरांतो 7.30 घंटे, 12296 संघमित्रा एक्सप्रेस 3.00 घंटे, 12860 गीतांजलि एक्सप्रेस 3.00 घंटे, 18030 शालीमार एक्सप्रेस 3.30 घंटे, 12810 मुंबई मेल 3.10 घंटे, 12130 आजाद हिंद 5.50 घंटे, 12834 अहमदाबाद एक्सप्रेस 4.30 घंटे, 12262 मुंबई एसी दुरांतो 4 घंटे की देरी से चली. ट्रेनों के विलंब से चलने के कारण यात्रियों का भारी सामना करना पड़ रहा है.

मशीन से पैक किया जाता था सुगंधित गुटखा

पुलिस का छापा, 8 अरेस्ट, एक चारपहिया वाहन समेत 23.50 लाख का माल जब्त

नागपुर, नगर प्रतिनिधि. क्राइम ब्रांच की यूनिट 3 ने गुप्त सूचना के आधार पर लकड़गंज थाना क्षेत्र में अवैध तरीके से सुंगधित गुटखे के पैकेजिंग प्लांट पर फूड एंड ड्रग विभाग के साथ छापा मारा. मौके से पुलिस ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया. साथ ही भारी मात्रा में सुंगधित तंबाकू, गुटखा समेत एक चारपहिया वाहन, 3 बाइक, 9 मोबाइल समेत कुल 23.50 लाख का माल जब्त किया गया. आरोपियों के नाम वाठोड़ा निवासी अभिषेक अनिल सहानी (42), पांचपावली निवासी इसरार अहमद शकील अहमद, मोहम्मद साजिद मोहम्मद कलम अंसारी, मोहम्मद अलीम मोहम्मद आरिफ और मोहम्मद अतीक मोहम्मद हनीफ (38) के अलावा मस्कासाथ निवासी इकबाल आयुब धारा (60) और इकबाल अयूब धारा व पांचपावली निवासी अब्दुल रहमान काशिम अंसारी बताए गए. दोपहर करीब 12 बजे पुलिस पेट्रोलिंग टीम को सूचना मिली कि लकड़गंज थाना क्षेत्र के स्माल फैक्ट्री एरिया में प्लॉट 163 पर अवैध रूप से सुगंधित गुटखे आदि की पैकेजिंग की जा रही है. सूचना पुख्ता होते ही पुलिस ने छापेमारी की तो सभी आरोपी मौके पर पाए गए. साथ ही वहां अलग-अलग कंपनियों के फ्लेवर वाले तंबाकू, पान मसाला, तंबाकू पाउच, कच्चा माल जमा करके मशीन की मदद से इनकी पैकेजिंग की जा रही थी ताकि इन्हें बाजार में बेचा जा सके. पुलिस ने पान मसाला मशीन मिक्सर, सुगंधित द्रव, पंचिंग मशीन, पाउच सीलिंग मशीन समेत 3 दोपहिया वाहन, एक चारपहिया वाहन और 9 मोबाइल आदि समेत 23.50 लाख का माल जब्त किया. साभी आरोपियों को गिरफ्तार कर मामला लकड़गंज पुलिस को सौंप दिया गया.

अज्जू पर MPD, भेजा जेल

नागपुर, नगर प्रतिनिधि. शहर पुलिस आयुक्त डॉ. रविंद्र सिंगल के आदेश पर कई गंभीर मामलों में नामजद अपराधी स्वीपर कॉलोनी, यशोधरानगर निवासी अजय उर्फ अज्जू सूरज चव्हाण (25) के खिलाफ एमपीडीए के तहत आदेश जारी किया गया. इसके तुरंत बाद ही उसे गिरफ्तार कर नागपुर सेंट्रल जेल भेज दिया गया. यहां से उसे पुणे स्थित येरवडा जेल भेजा जाएगा. अजय पर यशोधरा नगर और पाचपावली थाना क्षेत्र में हत्या, हत्या का प्रयास, हत्या के बाद सबूत मिटाने, दंगा करना, दूसरे के घरों पर अतिक्रमण करना, जानलेवा हमला, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देना जैसे जघन्य अपराध दर्ज हैं. उसके खिलाफ वर्ष 2022 और 2025 में प्रतिबंधक कार्रवाई की जा चुकी है. 2 वर्ष का बांड भी लिखवाया गया था. इसके बावजूद वह इस अवधि में हत्या का प्रयास, जानलेवा हमले जैसे संगीन अपराधों में शामिल रहा. अज्जू की लगातार बढ़ती आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए सीपी सिंगल के समक्ष उसके खिलाफ एमपीडीए एक्ट के तहत कार्रवाई का प्रस्ताव रखा गया. सीपी सिंगल ने स्वीकार करते हुए उसे पुणे जेल भेजने का आदेश जारी किया.

सर्प मित्र श्रीकांत विश्वकर्मा का गायत्री परिवार ने किया सम्मान

मुलताई। गायत्री परिवार द्वारा साल भर पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाया जाता है, पर्यावरण संरक्षण के तहत वन्य जीवो का संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। वन्य जीव संरक्षण में ग्राम परमंडल के रघुनाथ विश्वकर्मा के पुत्र श्रीकांत विश्वकर्मा ने बड़े से बड़े विषैले सापो को पकड़कर वन्य जीव संरक्षण में अपनी महती भूमिका निभाई है। श्रीकांत विश्वकर्मा किसी के भी घरों में या अन्य किसी भी जगह पर यदि सर्प निकलते हैं या घरों में घुस जाते हैं तो श्रीकांत विश्वकर्मा को सूचना मिलते ही तुरंत पहुंचकर सर्पों को पकड़कर उन्हें सुरक्षित जंगल छोड़ देते है,जिससे कि आम जन की भी जान बच जाती है और प्रकृति के जीव जंतुओं, सर्पों की भी सुरक्षा हो जाती है।अपनी स्वयं की जान जोखिम में डालकर वन्य जीव जंतुओं को सुरक्षित पकड़कर उन्हें पुन: जंगल में ले जा छोड़ने का कार्य से पर्यावरण संतुलन एवं पर्यावरण की सुरक्षा ही है। जिसे देखते हुए गायत्री परिवार के तहसील समन्वयक नारायण देशमुख, मुख्य ट्रस्टी यादोराव निंबालकर,पूर्व विधायक पीआर बोड़खे,राजेंद्र देशमुख,रवि खाड़े, गुलाबराव देशमुख,सुरेश माकोड़े, डॉ रामदास गडेकर ने श्रीकांत विश्वकर्मा को गायत्री मंत्र का दुपट्टा, एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

महिला रसोइया ने आत्मदाह की कोशिश, भर्ती

बैतूल। जिले में बुधवार को एक गंभीर और संवेदनशील घटना सामने आई। ट्रायबल विभाग के कार्यालय में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब नौकरी से हटाए जाने से आहत एक महिला रसोइया ने आत्मदाह करने की कोशिश की। महिला ने अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया, लेकिन कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों ने समय रहते उसे रोक लिया। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई और महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। आत्मदाह की कोशिश करने वाली महिला का नाम चंपा बट्टी बताया गया है। वह जनजाति कार्य विभाग के अंतर्गत संचालित छात्रावास में पिछले करीब 25 वर्षों से रसोइया के रूप में

कार्यरत थी। चंपा बट्टी का आरोप है कि उन्हें और कई अन्य कर्मचारियों को बिना किसी पूर्व सूचना और कारण बताए नौकरी से हटा दिया गया। इस फैसले से वह मानसिक रूप से काफी परेशान हो गई थीं। महिला का कहना है कि उन्होंने अपनी समस्या को लेकर मंत्री से लेकर विभागीय अधिकारियों तक गुहार लगाई, लेकिन कहीं से कोई ठोस जवाब या मदद नहीं मिली। इसी मानसिक तनाव में आकर उन्होंने यह कदम उठाने की कोशिश की। इस मामले में एक अन्य महिला रसोइया लीला ने भी विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। लीला का कहना है कि वह अंशकालीन रसोइया थीं और उन्हें भी नौकरी से निकाल दिया गया। उन्होंने बताया कि उनके पति लंबे समय से गंभीर बीमारी से पीड़ित थे और हाल ही में उनका निधन हो गया। ऐसे में नौकरी चले जाने से उनके सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। जनजाति कार्य विभाग के सहायक आयुक्त विवेक पांडे ने बताया कि एक महिला कार्यालय में ज्वलनशील पदार्थ लेकर आई थी और उसने अपने ऊपर डाल लिया।

ड्रिम्ज पब्लिक सीबीएसई विद्यालय में मनाया वार्षिक उत्सव

मुलताई। ड्रिम्ज पब्लिक स्कूल परिसर में मंगलवार को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक चंद्रशेखर देशमुख,संजय अग्रवाल, राजेश पाठक, ब्रह्म कुमारी आश्रम की साधक मालती दीदी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अपर जिला न्यायाधीश तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई। कार्यक्रम संस्कृति एवं विरासत अध्यात्मिक चेतना पर धरोहर नाम से रखा गया,जिसमे नौ देवी के स्वरूप, महाकुंभ, महाभारत, ओल्ड एज होम, महाआरती तथा अन्य प्रस्तुति की गई। आरएसएस के सौ वर्ष पूर्ण होने पर भी नृत्य नाटिका बच्चों के द्वारा पेश की गई, जिसे दर्शकों ने बहुत सराहा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक शिशुपाल यादव , विभाग बौद्धिक प्रमुख पंकज शर्मा , जिला कारवाह आशीष शर्मा भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय मे विशेष उपलब्धि और मेरिट मे आने वाले विद्यार्थियों को ओपी अग्रवाल, राजेश बघेल द्वारा पुरुस्कृत किया गया तथा शिक्षकों का सम्मान किया गया। प्राचार्या कविता लिखितकर ने स्कूल की गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया तथा संचालक तपन खंडेलवाल ने आभार व्यक्त किया।

1 जनवरी से निकलेगी मनरेगा बहाल करो यात्रा

मुलताई। किसान संघर्ष समिति 1 जनवरी से बीज विधेयक व बिजली विधेयक 2025 रद्द करो, मनरेगा बहाल करो यात्रा निकाली जाएगी। किसान संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष जगदीश दोड़के ने बताया यात्रा की शुरुआत समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ. सुनीलम द्वारा किसान स्तंभ से की जाएगी। इस अवसर पर किसान संघर्ष समिति की प्रदेश अध्यक्ष एड आराधना भार्गव उपस्थित रहेंगी। उन्होंने बताया हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी किसान संघर्ष समिति द्वारा 12 जनवरी 2026 को शहीद किसानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु पुष्पांजलि कार्यक्रम तथा 28वां शहीद किसान स्मृति सम्मेलन मुलतापी में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया 1 जनवरी से 11 जनवरी 2026 तक यह यात्रा 100 से अधिक गांवों में जाएगी। यात्रा के दौरान गांव-गांव जाकर पर्चे वितरित किए जाएंगे और किसानों मजदूरों एवं ग्रामीणों को शहीद किसान स्मृति सम्मेलन में शामिल होने आमंत्रित किया जाएगा। यह यात्रा किसानों की प्रमुख मांगों को लेकर निकाली जा रही है,जिसमें एमएसपी की कानूनी गारंटी, किसानों की सम्पूर्ण कर्ज़ माफी, बीज विधेयक 2025 एवं बिजली सुधार विधेयक को रद्द करना, मनरेगा योजना बहाल करना, मक्का, सोयाबीन एवं धान की खरीद भावांतर योजना के बजाय सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य पर मंडियों में करना, वर्ष 2017 की भावांतर योजना की बकाया राशि का भुगतान, मक्का की खरीद मंडियों में सुनिश्चित करना, आधे दाम पर अनाज खरीदने वाले व्यापारियों पर दण्डात्मक कार्रवाई, अतिवृष्टि से नष्ट हुई सोयाबीन की फसल पर राहत राशि एवं फसल बीमा, स्मार्ट मीटर पर रोक, सिंचाई हेतु दिन में सतत 12 घंटे बिजली, किसानों को आवश्यकता अनुसार अस्थायी विद्युत कनेक्शन, गलत गिरदावरी दर्ज करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई एवं गिरदावरी में सुधार, तथा किसानों को टीसी कनेक्शन की शर्तों के बिना 90 प्रतिशत सब्सिडी पर 10 एचपी तक सोलर पंप उपलब्ध कराना शामिल है।

जलावर्धन कनेक्शन की राशि पर 2300 का प्रस्ताव हुआ पास

सारनी। नपा परिषद बैठक मे जलावर्धन कनेक्शन की राशी 4000 के बजाय 2300 रुपए का प्रस्ताव पास हुआ है। कांग्रेस के विरोध के बाद भी नल कनेक्शन की राशी माफ नहीं हुई है। परिषद की बैठक मे दोनों प्रस्ताव बहुमत के आधार पर पारित हो गये है। नपा पार्षदो ने परिषद का विशेष सम्मेलन बुलाने के लिए कलेक्टर एवं आयुक्त नगरीय प्रशासन को पत्र लिखा था। इसी आधार पर परिषद की बैठक हुई है। जलावर्धन की राशि को कम करने एवं मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजनों को लेकर नगरपालिका सभागृह बैठक हुई। बैठक मे क्षेत्रीय विधायक भी उपस्थित रहें.कांग्रेस के पार्षदो ने बैठक में दोनों प्रस्ताव का

जोरदार विरोध प्रदर्शन किया, लेकिन संख्या बल में कमी होने के कारण दोनों प्रस्ताव आसानी से पास हो गए, लेकिन भाजपा के चार से पांच पार्षदों ने नि:शुल्क कनेक्शन की मांग किए जाने की चर्चा हैं। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि जलावर्धन की राशि 4000 रुपए के बजाय अब क्षेत्र की जनता को 2300 रूपए देने होंगे यह भी 6 आसान किस्तों में दिए जा सकते हैं। जिससे लोगों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए ही यह निर्णय लिया गया हैं। अब यह प्रस्ताव नगरी प्रशासन विभाग को भेजा जाएगा जो अनुमति मिलने के बाद 2300 रूपए की राशि हर कनेक्शन धारी को जमा करना होगा, वहीं डेढ़ सौ रुपए प्रति माह पानी का बिल भरना पड़ेगा। इधर बाबा मठारदेव मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर कांग्रेस के पार्षदों ने विरोध जताया कि पिछले वर्ष बाबा मठारदेव में सांस्कृतिक आयोजन समेत अन्य कार्यक्रमों में 10 लाख रुपए खर्च किया गया था। लेकिन इस बार बाहरी कलाकारों को बुलाकर सिर्फ चार दिन कार्यक्रम होंगे इसके लिए नगर पालिका 12 लाख रुपए खर्च कर रही हैं। इससे स्थानीय कलाकारों को मौका नहीं मिलने से इन कलाकारों में नाराजगी बनी हुई हैं। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि जलावर्धन कनेक्शन के 4000 और 330 रूपए प्रति माह बिल का प्रस्ताव पिछली परिषद में पास हुआ था।

विजय हजारे ट्रॉफी : चंडीगढ़ को 8 विकेट से रौंदा, दर्शन के 4 विकेट

नागपुर, क्रीड़ा प्रतिनिधि. दर्शन नलकांडे के शानदार 4 विकेट, नचिकेत भुते और दीपेश परवानी की धारदार गेंदबाजी तथा ठोस बल्लेबाजी के दम पर गत वर्ष की उपविजेता विदर्भ टीम ने विजय हजारे ट्रॉफी (एलीट 'बी' ग्रुप) के अपने चौथे लीग मुकाबले में चंडीगढ़ को 8 विकेट से करारी मात दी. इस जीत के साथ विदर्भ ने टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत दर्ज कर नॉकआउट चरण की दौड़ में अपनी चुनौती को मजबूत बनाए रखा है. 4 लीग मुकाबलों के बाद 12 अंकों के साथ विदर्भ का अगला मैच 3 जनवरी को बड़ौदा के खिलाफ खेला जाएगा.

अथर्व-ध्रुव की अर्धशतकीय साझेदारी

राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में बुधवार को खेले गए इस मुकाबले में चंडीगढ़ ने विदर्भ के सामने जीत के लिए 114 रनों का लक्ष्य रखा. लक्ष्य का पीछा करते हुए विदर्भ की शुरुआत हालांकि थोड़ी लड़खड़ाई और टीम ने 12 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवा दिया. जम्मू-कश्मीर के खिलाफ शतक जड़ने वाले अमन मोखाडे महज 6 रन बनाकर आउट हो गए. इसके बाद सलामी बल्लेबाज अथर्व तायडे और ध्रुव शोरे ने दूसरे विकेट के लिए 66 रनों की अहम साझेदारी कर टीम को संभाल लिया और स्कोर 78 तक पहुंचाया. ध्रुव 43 गेंदों में 7 चौकों की मदद से 43 रन बनाकर आउट हुए.

23 ओवर में दर्ज की जीत

इसके बाद अथर्व और नचिकेत भुते ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए टीम को बिना किसी दबाव के जीत तक पहुंचाया. विदर्भ ने 22.3 ओवर में ही 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया. अथर्व 68 गेंदों में 5 चौकों की मदद से 43 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि नचिकेत ने 13 गेंदों में 2 चौकों के साथ 15 रन बनाकर उनका अच्छा साथ निभाया. चंडीगढ़ की ओर से संदीप शर्मा और रोहित धांडे ने एक-एक विकेट लिया.

विदर्भ के गेंदबाजों का घातक प्रदर्शन

0 इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चंडीगढ़ की टीम विदर्भ के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 29.1 ओवर में मात्र 113 रन पर ढेर हो गई.

0 मैच की पहली ही गेंद पर दर्शन ने मनन वोहरा को आउट कर चंडीगढ़ को झटका दिया. इसके बाद नचिकेत ने अर्जुन आजाद और तुषार जोशी को खाता खोले बिना पवेलियन भेज दिया.

0 इससे चंडीगढ़ का स्कोर 3 विकेट पर केवल 4 रन था. अर्सलान खान और निखिल ठाकुर ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन 43 रन के कुल स्कोर पर यश कदम ने निखिल ठाकुर (17) को आउट कर दिया.

0 इसके तुरंत बाद दीपेश ने अर्सलान खान (27) को रन आउट कर चंडीगढ़ को एक और झटका दिया. आधी टीम महज 49 रन पर पवेलियन लौट गई.

0 तरणप्रीत सिंह और संयम सैनी ने स्कोर को 83 तक पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन तरणप्रीत (17) दीपेश का शिकार बन गए.

0 संयम सैनी अंत तक टिके रहे पर उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला और पूरी टीम 113 रन पर सिमट गई. संयम ने सर्वाधिक 36 रन (53 गेंद, 4 चौके, 1 छक्का) बनाए.

0 विदर्भ की ओर से दर्शन ने 33 रन देकर 4 विकेट झटके, जबकि नचिकेत और दीपेश ने 2-2 विकेट लिए. यश कदम को एक सफलता मिली.

एक बार फिर बंद हुई 11 नंबर इकाई, उत्पादन 200 पर सिमटा

सारनी। सतपुडा ताप विद्युत गृह की 250 मेगावाट क्षमता वाली 11 नंबर इकाई बायलर ट्यूब में लीकेज के चलते बंद हो गई है बड़ी इकाई के बंद होने से बिजली का उत्पादन 200 मेगा वाट के आसपास सिमट गया है।

मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी के सतपुड़ा थर्मल पॉवर प्लांट की 11 नंबर इकाई बार-बार तकनीकी कारणों से लगातार बंद हो रही है। जिसका सीधा असर बिजली उत्पादन और पॉवर प्लांट की परफारमेंस पर पड़ रहा है। गौरतलब है कि उक्त इकाई का संधारण कार्य सितंबर माह मे हुआ है। ऐसे में तकनीकी कारणों से बार-बार बिजली इकाई का बंद होना संधारण कार्य पर सवाल खड़े कर रहे हैं। 250 मेगावाट क्षमता की 11 नंबर इकाई इसी माह में 20 दिसंबर को वॉटर वाल्व ट्यूब में लीकेज की वजह से बंद हुई। सुधार कार्य के बाद यह इकाई 25 दिसंबर को लाइटअप हुई। लोड पर आने के बाद 11 नंबर इकाई 5 दिन भी पूरी तरह नहीं चली और 30 दिसंबर को पुन: बॉयलर ट्यूब में लीकेज की वजह से बंद हो गई। इसके चलते सतपुड़ा का बिजली उत्पादन लगातार प्रभावित हो रहा है।